**कोड-002**

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

CGBOARDonline.com

कक्षा- ग्यारहवीं

विषय - हिन्दी विशिष्ट

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के दो खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 7 में प्रत्येक के लिए 2 अंक तथा शब्द सीमा 25 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 8 से 13 में प्रत्येक के लिए 3 अंक तथा शब्द सीमा 50 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 14 से 19 में प्रत्येक के लिए 4 अंक तथा शब्द सीमा 75 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 20 से 23 में प्रत्येक के लिए 5 अंक तथा शब्द सीमा 100 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 24 एवं 25 निबंधात्मक प्रश्न है इसमें शब्द सीमा 250 शब्द तथा 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) भ्रमर गीत में रस है ।

(अ) करुण (ब) वियोग श्रृंगार

(स) शांत (द) संयोग श्रृंगार

(2) 'तुलादान' का उत्सव मनाया जा रहा है ।

(अ) भारत (ब) जापान (स) सिंगापुर (द) चीन

(3) 'कलाकाल' कहा जाता है ।

CGBOARDonline.com

(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल

(स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

(4) "हमारा जन समूह निरक्षर है, मूर्ख नहीं" किसने कहा था ।

(अ) नेहरु जी (ब) गांधी जी (स) भगत सिंह (द) प्रभाकर जी

(5) डॉ. विश्वेश्वरैया जी ने किस नदी पर कृष्णराज सागर बांध का निर्माण किया

(अ) कावेरी (ब) गंगा (स) यमुना (द) नर्मदा

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) गुरुदक्षिणा एकांकी ------------ नाटक से उद्धृत है ।

(2) जीवन के विटप का पुष्प ------------ है ।

(3) वर्णों के आधार पर नियमित छंद ------------ कहलाते हैं ।

(4) मोदिआइन ------------ नाम से चिढ़ती थी ।

(5) नाखून को काटने की प्रवृत्ति ------------ की निशानी है ।

प्रश्न 2. परमात्मा की परीक्षा में प्राय: सभी अनुत्तीर्ण क्यों हो जाते हैं ।

CGBOARDonline.com

CGBOARDonline.com

प्रश्न 3. ऋतुराज की संज्ञा किसे और क्यों दी गई।

प्रश्न 4. भूमि के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है ?

प्रश्न 5. लोक जीवन का सार क्या है ?

प्रश्न 6. कवित्त छंद की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 7. लक्ष्मण मस्तुरिहा ने अपनी कविता के द्वारा क्या संदेश दिया है।

प्रश्न 8. थोड़े ही मूल्य की धातु में अधिक ठनठनाहट होती है थोड़ी ही योग्यता में अधिक आडंबर होता है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. संदेह अलंकार एवं भ्रांतिमान अलंकार में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन)

प्रश्न 10. कविवर बिहारी ने 'गागर में सागर भरा है' उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11. रीतिकाल की कोई दो विशेषताएं लिखकर दो कवियों का नाम उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए।

प्रश्न 12. डॉ. विश्वेश्वरैया ने लोकहित में कौन-कौन से कार्य किए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(1) कलई खुलना (2) अंगूठा दिखाना (3) श्री गणेश करना

प्रश्न 14. हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा पं. प्रताप नारायण मिश्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

(1) रचनाएँ (कोई दो) (2) भाषा शैली (3) साहित्य में स्थान

प्रश्न 15. महाकवि सूरदास अथवा जयशंकर प्रसाद का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

(1) रचनाएं कोई दो (2) भावपक्ष एवं कलापक्ष (3) साहित्य में स्थान

प्रश्न 16. हल्कू का चरित्र चित्रण कीजिए।

CGBOARDonline.com

अथवा

हरगोबिन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न 17. शब्द गुण किसे कहते हैं ? उनके प्रकारों को उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

शब्द शक्ति किसे कहते हैं ? उनके प्रकारों को उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 18. पं. सुन्दरलाल शर्मा को छत्तीसगढ़ का गांधी क्यों कहा जाता है। लिखिए।

अथवा

छत्तीसगढ़ की राजनीति में पं. सुन्दरलाल शर्मा का योगदान संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न 19. निम्नांकित वाक्यांशों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(1) सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का ही नाम है।

(2) अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है।


CGBOARDonline.com

अथवा

CGBOARDonline.com

निम्न पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

(1) राजिम छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है ।

(2) चित्रोत्पला की लहरों में हलचल पैदा कर दी ।

प्रश्न 20. दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए उस पर पाबंदी लगाने के लिए अपने राज्य के पर्यावरण मंत्री को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय में आए एक नए शिक्षक की दो तीन विशेषताओं का उल्लेख करते हुए यह भी बताइए कि आप पर उनका कितना प्रभाव पड़ा है । पत्र में अपना नाम गायत्री लिखिए ।

प्रश्न 21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए।

"यह तीन अक्षर का शब्द ऐसा भयानक है कि त्रैलोक्य की बुरी बला इसी में भरी है । परमेश्वर न करें कि इसका सामना किसी को पड़े । महात्मा मसीह ने अपने निज शिष्यों को एक प्रार्थना सिखाई थी जिसको आज भी सब क्रिस्तान पड़ते हैं । उसमें एक यह भी भाव है कि "हमें परीक्षा में न डाल वरंच बुराई से बचा" ।

अथवा

"जो व्यवस्था तोड़ी नहीं जा सकती उसमं विश्वास करके ही जिया जा सकता है । (विराम) पर तुमने इतनी विद्या सीख कहाँ से ली ? इतनी विद्या तो मेरे इस प्रिय शिष्य अर्जुन को भी नहीं आती ।"

प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए ।

CGBOARDonline.com

"सिसिर में ससि को सरुप पावै सविताऊ,<br>
घाम हूं मैं चांदनी की दुति दमकति है ।<br>
सेनापति होत सीतलता है सहज गुनी,<br>
रजनी की झाँई वासर में झलकति है ।<br>
चाहत चकोर सूर ओर दृग छोर करि,<br>
चकवा की छाती तजि धीर धसकति है ।<br>
चंद के भरम होत मोद है कुमोदिनी को,<br>
ससि संक पंकजनी फूलि न सकति है ।"

अथवा

"धर्म का ले लेकर जो नाम, हुआ करती बलि, कर दी बंद ।<br>
हमी ने दिया शांति-संदेश सुखी होते देकर आनंद ।

CGBOARDonline.com

विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम ।
भिक्षु होकर रहते सम्राट दया दिखलाते घर-घर घूम ।
यवन को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि ।
मिला था स्वर्ण-भूमि को रत्न, शील की सिंहल को भी सृष्टि ।
किसी का हमने छीना नहीं प्रकृति का रहा पालना यही ।
हमारी जन्मभूमि थी यही, कहीं से हम आए थे नहीं ।"

प्रश्न 23. रस की परिभाषा लिखकर वीर रस की निष्पत्ति उदाहरण सहित कीजिए ।

अथवा

CGBOARDonline.com

वाक्य की परिभाषा लिखकर संयुक्त वाक्य एवं मिश्र वाक्य में अंतर लिखिए

प्रश्न 24. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़करनीचे लिखे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"स्वास्थ्य सभी जीवधारियों के आनंदमय जीवन की कुंजी है, क्योंकि स्वास्थ्य के बिना जीवधारियों की समस्त क्रियाएं प्रक्रियाएं रुक जाती है, शिथिल हो जाती है । जीवन को जल भी इसीलिए कहा जाता है । जिस प्रकार रुका जल सड जाता है, दुर्गंधयुक्त हो जाता है, ठीक इसी प्रकार शिथिल और कर्महीन जीवन से स्वास्थ्य खो जाता है । स्वास्थ्य और खेल-कूद का परस्पर गहरा संबंध है । पशु-पक्षी हो या मनुष्य, जो खेलना कूदता नहीं, वह उत्फुल्ल और प्रसन्न रह ही नहीं सकता । जब हम खेलते हैं तो हममें नया प्राणावेग, नई स्फूर्ति और नई चेतना आ जाती है । हम देखते हैं कि हवा के झोंके एक दूसरे का पीछा करते हुए दूर-दूर तक दौड़ते हैं, वृक्षों की शाखाओं को हिला-हिला कर अठखेलियां करते हैं ।"

प्रश्न (1) स्वास्थ्य सभी जीवधारियों के लिए क्यों आवश्यक है ?

(2) जीवन को जल क्यों कहा गया है ?

(3) स्वास्थ्य और खेल-कूद का परस्पर क्या संबंध है ?

(4) उदाहरण देते हुए सिद्ध कीजिए कि प्रकृति भी खेल-कूद पसंद करती है ।

(5) कर्म का स्वास्थ्य से क्या संबंध है ।

प्रश्न 25. निम्न में से सिकी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए ।

(1) संचार क्रांति और भारत

CGBOARDonline.com

(2) विद्यार्थी और शिष्टाचार

(3) कटते जंगल बढ़ता प्रदूषण

(4) एक कदम स्वच्छता की ओर

(5) नक्सलवाद एक समस्या

---00--